आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 08.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

2. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष पहल।

3. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर द्वीपों के उप राज्यपाल ने द्वीपसमूह में महिलाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

4. उप राज्यपाल ने मध्य प्रदेश के आर्मी वॉर कॉलेज का दौरा किया।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि यह दिन महिला शक्ति की उपलब्धियों तथा देश और समाज में उनके अद्वितीय योगदान का सम्मान करने का अवसर है। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाएं परिवार, समाज और राष्ट्र की नींव हैं।

<><><><><><><>

आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। आज के दिन महिलाओं को राष्ट्रीय, जातीय, भाषाई, सांस्कृतिक, आर्थिक या राजनीतिक सीमाओं से परे उनकी उपलब्धियों के लिए पहचाना जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस दो हजार पच्चीस का विषय 'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता, सशक्तिकरण' है। इस वर्ष का विषय सभी के लिए समान अधिकार और अवसर खोलने और एक समावेशी भविष्य के लिए कार्रवाई का आह्वान करता है, जहां कोई भी पीछे न छूटे। हाल ही में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश की महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले नमो ऐप ओपन फ़ोरम पर अपने जीवन की प्रेरक यात्रा साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया था। श्री मोदी ने विशेष पहल के रूप में घोषणा की थी कि चुनिंदा महिलाएं अपनी आवाज़ और अनुभवों को बढ़ाने के लिए आठ मार्च को उनका सोशल मीडिया अकाउंट संचालित करेंगी। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के योगदान को मान्यता देना और उनके सशक्तिकरण, दृढ़ता और सफलता की यात्रा प्रदर्शित करके दूसरों को प्रेरित करना है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात के नवसारी जिले में वानसी बोरसी गांव में लखपति दीदी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

<><><><><><><>

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कल एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस्टर्न गेट के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का उददेश्य महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार मुख्य अतिथि और जिला एवं सत्र न्यायाधीश अर्कवर्ती नियोगी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। अपने संबोधन में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए इस तरह के आयोजन पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी मिलती है, जो उनकी हितों की रक्षा के लिए बने हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों का पता होना चाहिए, ताकि भविष्य में उन्हें किसी तरह की समस्या न हो।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक कार्यक्रम संयोजक सरस्वती नारायण, मिनूती बिश्वास, रत्ना कन्नन, शांता लक्ष्मण सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नागरिक मौजूद थे। इस मौके पर महिलाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उधर पुलिस अधीक्षक निहारिका भटट ने भी महिला दिवस के अवसर पर कहा कि आज महिला किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उन्होंने अपने कार्य क्षेत्र का उदाहरण देते हुए बताया कि पुलिस विभाग, जो केवल पुरूषों का कार्य क्षेत्र माना जाता था, वहां आज महिलाओं ने भी अपनी जगह बना ली है।

<><><><><><><>

द्वीपों के उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि इस वर्ष का विषय – "वह भारत का निर्माण करती है" के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ मनाया जा रहा है। द्वीपसमूह में महिलाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए समान अधिकार, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना न केवल एक कर्तव्य है, बल्कि हमारे द्वीपों और राष्ट्र के विकास के लिए जरूरी है।

पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज समाज कल्याण विभाग की ओर से फरारगंज में ''शी बिल्ड्स भारत'' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आज दोपहर दो बजे से जे एन आर एम फुटबॉल मैदान में ए एफ सी महिला फुटबॉल आरंभ होगा।

उधर, खेल और युवा मामले विभाग की ओर से आज श्री विजयपुरम स्थित नेताजी स्टेडियम परिसर, में भी महिला दिवस मनाया जाएगा। इस सिलसिले में विभिन्न विभागों की महिला कर्मचारियों और आम जनता के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें अट्ठारह से चालीस वर्ष आयु वर्ग की महिलाएं भाग ले सकती है। अंडमान निकोबार शतरंज संघ की ओर से आज डेयरी फार्म स्थित शतरंज केंद्र में महिलाओं के लिए एक विशेष शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपों के उप राज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी ने कल मध्य प्रदेश में आर्मी वॉर कॉलेज का दौरा किया और कॉलेज में सेना, नौसेना और वायु सेना के उच्च कमान पाठ्यक्रमों के संयुक्त कैप्सूल को संबोधित किया। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने इंडो पैसिफिक क्षेत्र में द्वीप समूह के सामरिक महत्व और द्वीप विकास एजेंसी के माध्यम से संचालित प्रशासन की मेगा पर्यटन आतिथ्य और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट बेंच, पोर्ट ब्लेयर की ओर से श्री विजयपुरम में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अदालत सुबह साढ़े दस बजे से बैठेगी।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

उप राज्यपाल ने मध्य प्रदेश के आर्मी वॉर कॉलेज में उच्च कमान पाठ्यक्रमों के संयुक्त कैप्सूल को संबोधित किया– इंडो पैसेफिक क्षेत्र में द्वीपसमूह के सामरिक महत्व की जानकारी दी– द डेली टेलीग्राम्स की बड़ी खबर है। द्वीप समाचार ने भी इस खबर को सचित्र प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने प्रशासन की सात महिला कर्मचारियों को सहायक सचिव और सहायक निदेशक के पद पर पदोन्नत करने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। सब्जियों और सजावटी फसलों की नर्सरी गतिविधियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

करने के समाचार को इंफो इंडिया में जगह मिली है। अण्डमान निकोबार रोइंग टीम द्वारा बयालिसवीं सीनियर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने के समाचार को इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पन्ने में प्रकाशित किया है। डीब्रेट का टेक्नो स्पोर्ट्स फेस्ट आयोजित करने के समाचार को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी में जगह मिली है। द्वीपसमूह में कृषि उद्यमिता के विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ राज्य स्तरीय संगोष्ठी का समापन–अण्डमान क्रोनिकल की खबर है।

<><><><><><><>